# प्रस्ताव हेतु निवेदन (आरएफ़पी)

## कंपनी के मानव संसाधन तंत्र के व्यापक अध्यन हेतु सलाहकार की नियुक्ति हेतु

**संदर्भ संख्या : ईसीजीसी/मासंवि/मासंप्रतं/01/2017**
**दिनांक: अक्तूबर 18, 2017**

# ईसीजीसी लिमिटेड

**दलामल हाउस तल मंज़िल, नरीमन पॉइंट मुंबई-400021**

ईसीजीसी ECGC


| क्रसं | विषय वस्तु | पृष्ठ सं |
|---|---|---|
| 1 | अस्वीकरण | 3 |
| 2 | निविदा का विवरण | 4 |
| 3 | ईसीजीसी लिमिटेड की रूपरेखा | 5 |
| 4 | उद्देश्य | 5 |
| 5 | संदर्भ की शर्तें | 5 |
| 6 | कार्यक्षेत्र | 5 |
| 7 | प्रश्नों के स्पष्टीकरण | 6 |
| 8 | आवश्यक तत्परता | 6 |
| 9 | आरएफ़पी का संशोधन | 6 |
| 7 | असाइनमेंट की समयावधि | 7 |
| 7 | पात्रता मानदंड | 7 |
| 8 | बिड प्रस्ताव प्रक्रिया | 8 |
| 9 | आरएफ़पी की खरीद तथा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट | 8 |
| 10 | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट | 9 |
| 10 | मूल्यांकन मानदंड | 9 |
| 11 | गोपनीयता समझौता /निष्पादन गारंटी | 12 |
| 12 | भुगतान शर्तें | 12 |
| 13 | विविध नियम एवं शर्तें | 12 |
| 14 | अनुलग्नक क : आवरण पत्र - तकनीकी प्रस्ताव | 14 |
| 15 | अनुलग्नक ख : प्रस्ताव फार्म | 15 |
| 16 | अनुलग्नक ग : तकनीकी बिड | 17 |
| 17 | अनुलग्नक घ : आरएफ़पी के मूल्य तथा ईएमडी हेतु आवरण पत्र | 19 |
| 18 | अनुलग्नक च :वाणिज्यिक बिड | 20 |
| 19 | अनुलग्नक छ वचन पत्र | 21 |
| 20 | अनुलग्नक ज : कर्मचारियों का विवरण | 22 |
| 21 | अनुलग्नक झ : प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता से प्राधिकार पत्र | 23 |

**अस्वीकरण**

इस प्रस्ताव हेतु निवेदन दस्तावेज़(आरएफ़पी दस्तावेज़/ बिड दस्तावेज़) में वर्णित सूचनाएं अथवा इस अनुक्रम में ईसीजीसी द्वारा मेल अथवा दस्तावेज़ के रूप में निविदाकर्ताओं को प्रदान की जाने वाली सूचनाएँ इस आरपीएफ़ दस्तावेज़ में उपलब्ध नियम एवं शर्तों के अधीन उपलब्ध कराई जा रही है।

यह आरएफपी दस्तावेज न तो संविदा है एवं न ही प्रस्ताव है बल्कि ईसीजीसी की निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक निविदाकर्ताओं के लिए केवल एक आमंत्रण है। इस आरएफपी दस्तावेज़ का उद्देश्य उनके प्रस्तावों के निर्माण में सहायता हेतु निविदाकर्ता को सूचनाएं प्रदान करना है और संभव है कि इसमें उनके द्वारा वांछित सभी सूचनाएं शामिल न हों।

ईसीजीसी इस आरएफपी दस्तावेज़ की सटीकता, विश्वसनीयता या पूर्णता के लिए किसी भी विधान, क़ानून, नियम या अधिनियमों केअंतर्गत कोई देयता नहीं रखेगा। ईसीजीसी अपने पूर्ण विवेक में, लेकिन ऐसा करने के लिए किसी भी दायित्व के बिना, इस आरएफपी दस्तावेज़ में जानकारी को अद्यतित, संशोधित या पूरित कर सकता है।

ईसीजीसी के पास इस आरएफ़पी दस्तावेज के उत्तर में प्राप्त किसी भी या सभी बोलियों / प्रस्तावों को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए अस्वीकार करने के समस्तअधिकार सुरक्षित है । इस संबंध में ईसीजीसी का निर्णय सभी पार्टियों पर निर्णायक एवं बाध्यकारी होगा। प्रस्ताव हेतु निवेदन दस्तावेज़ के के उत्तर में निविदाकर्ताओं द्वारा प्रदान की गई जानकारी ईसीजीसी की संपत्ति बन जाएगी और वापस नहीं की जाएगी।

ई सी जी सी ECGC

**1. निविदा का विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रक्रिया के प्रारम्भ होने की तारीख (अर्थात ईसीजीसी की वेबसाइट पर टेंडर दस्तावेज का पोस्ट किया जाना) | 23.10.2017 |
| 2 | निविदाकर्ताओं से स्पष्टीकरण हेतु मेल द्वारा प्रश्नों को प्राप्त करने का अंतिम तिथि | 30.10.2017 |
| 3 | ईसीजीसी द्वारा प्रश्नों के स्पष्टीकरण जारी करने की अंतिम तिथि | 03.11.2017 |
| 4 | तकनीकी एवं वित्तीय बिड सहित बिड दस्तावेज़ को जमा करने की अंतिम तिथि | 17.11.2017 |
| 5 | तकनीकी बिड के घोषणा की तिथि | 20.11.2017 |
| 6 | तकनीकी/ वाणिज्यिक बिड की वैधता अवधि | बिडिंग दस्तावेज़ जमा करने की तिथि के नब्बे दिन (90 दिन) के बाद |
| 7 | बिडर को इस बिड में अर्हता प्राप्त करने के लिए पात्रता मानदंड शीर्षक के अंतर्गत दिये गए पात्रता मानदंडों के अनुसार तकनीकी बिड में कम से 70 % अंक प्राप्त करने होंगे।इन पात्र बिडरों को ईसीजीसी द्वारा ई-मेल से सूचित किया जाएगा।इसके उपरांत तीन अग्रणी बिडरों को ईसीजीसी की प्रोजेक्ट स्टेयरिंग समित के समक्ष प्रदर्शन हेतु आमंत्रित किया जाएगा। जिस बिडर को तकनीकी प्रस्ताव तथा प्रदर्शन को मिलाकर उच्चतम सम्मिलित अंक प्राप्त होंगे तथा इनमें से जिसके वाणिज्यिक बिड की दरें सबसे कम होगी उसे संविदा प्रस्ताव प्रदान किया जाएगा । | |
| 8 | संपर्क विवरण (ईसीजीसी) | नाम: श्रीमती तापसी सेन डे<br>पद: महाप्रबंधक<br>मानव संसाधन विभाग.<br>ई-मेल : hrd@ecgc.in<br>पता: दलामल हाउस तल मंज़िल,<br>नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021<br>दूरभाष: 02266138401 |
| 9 | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) | ईसीजीसी लिमिटेड के पक्ष में 50,000/- (पचास हज़ार रु मात्र )रु का मांग ड्राफ्ट /एनईएफ़टी जो कि मुंबई में देय होगा।<br>ई एम डी तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जाए। |

**नोट : समय सीमाओं में परिवर्तन पर ईसीजीसी का पूर्ण विवेकाधिकार है।**

**2. ईसीजीसी की रूपरेखा**

ईसीजीसी लिमिटेड (पूर्व में निर्यात ऋण गारंटी निगम लिमिटेड), भारत सरकार का एक उद्यम है, जिसकी स्थापना 30/07/1957 को कंपनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत हुई, जो भारत में निर्यातकों और बैंकों को निर्यात ऋण बीमा सुविधा प्रदान करता है। यह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है और इसका प्रबंधन सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकिंग, बीमा और निर्यातक समुदाय के प्रतिनिधियों के निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है। ईसीजीसी सामान्य बीमा वर्ग के तहत आईआरडीएआई के साथ पंजीकरण संख्या 124 के अंतर्गत पंजीकृत है। वर्षों से, भारतीय निर्यातकों और वाणिज्यिक बैंकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न निर्यात ऋण जोखिम बीमा उत्पादों का विकास हुआ है। राष्ट्रीय निर्यात के कवरेज के संदर्भ में ईसीजीसी दुनिया का सातवां सबसे बड़ा ऋण बीमाकर्ता है। 58 शाखाओं एवं 5 क्षेत्रीय कार्यालयों के नेटवर्क में 616 नियुक्त कर्मचारियों तथा 655 कर्मचारियों की स्वीकृत शक्ति के साथ कंपनी की वर्तमान चुकता पूंजी 1500 करोड़ रुपए तथा अधिकृत पूंजी 5000 करोड़ रुपए है।

**3. उद्देश्य**

ईसीजीसी द्वारा कंपनी के मौजूदा मा.सं. तंत्र के व्यापक अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में, ईसीजीसी, इस आरएफपी में वर्णित शर्तों के अनुसार, अध्ययन के संचालन के लिए प्रतिष्ठित तथा सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड वाले सलाहकारों से अध्ययन करने एवं सुधारों हेतु सुझाव देने के लिए, प्रस्ताव हेतु निवेदन (आरपीएफ़) आमंत्रित करता है।

**4. संदर्भ की शर्तें**

इस असाइनमेंट का उद्देश्य, दूरगामी दृष्टिकोण के साथ कंपनी के विस्तार तथा आवश्यक अतिरिक्त श्रम शक्ति को ध्यान में रखते हुए ईसीजीसी के मौजूदा मा.सं. तंत्र पर एक व्यापक मानव संसाधन अध्ययन करने में ईसीजीसी की सहायता करना है जैसा कि हमारे निदेशक मंडल द्वारा सुझाव दिया गया है। क्रेडिट बीमा के क्षेत्र में कारोबारी माहौल में बदलाव, व्यापार प्रक्रिया में सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग, भारत सरकार द्वारा श्रम कानूनों में परिवर्तन, भारत सरकार का कौशल विकास पर ज़ोर, ऋण बीमा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में वृद्धि, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उतार-चढ़ाव और कंपनी के कारोबार में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए कंपनी की मानव संसाधन पर्याप्तता की मात्रा, गुणवत्ता और कौशल के संदर्भ में पुनर्विचार करना आवश्यक हो गया है।

**5. कार्यक्षेत्र**

सलाहकार को निम्नलिखित निर्देशित कार्य करने होंगे:

**5.1 सम्पूर्ण श्रम शक्ति:** बढ़ते कारोबार और प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए, कंपनी में कर्मचारियों की मौजूदा स्वीकृत संख्या की पर्याप्तता का विश्लेषण करना। श्रमशक्ति के सही आकार पर सुझाव।

**5.2. भर्ती प्रक्रिया:** विश्लेषण करना कि भर्ती की वर्तमान प्रक्रिया अच्छी प्रतिभाओं को लाने हेतु पर्याप्त है अथवा नहीं एवं किसी प्रकार के बदलाव का सुझाव ।

ई सी जी सी ECGC

**5.3.विभिन्न स्तरों पर श्रम शक्ति की पर्याप्तता:** विभिन्न शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा विभागों में साथ ही विभिन्न स्तरों पर श्रमशक्ति की पर्याप्तता का अध्ययन करना ।

**5.4. प्रेरित करने के उपाय:** विश्लेषण करने के लिए कि क्या कंपनी को अपने कर्मचारियों को व्यक्तिगत / विभाग / शाखा / क्षेत्र स्तर पर प्रेरित करने के लिए पर्याप्त तंत्र है । क्या कर्मचारियों के लिए प्रेरित करने के लिए शाखा / विभाग / क्षेत्र / कंपनी के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी की अवधारणा लागू करने की सलाह कंपनी हेतु दी जा सकती है । निकट भविष्य में कंपनी के लिए उपयोगी सिद्ध होने वाले नए गुण, कौशल और अनुभवों को सीखने, बढ़ाने और विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कर्मचारियों को दिये जा सकने वाले पुरस्कार एवं प्रोत्साहनों के प्रकार।

**5.5. कैरियर में वृद्धि तथा विकास:** इस बारे में सलाह देना कि कंपनी में बढ़ने का पर्याप्त अवसर उपलब्ध है तथा यदि आवश्यक हो तो कंपनी की मौजूदा पदोन्नति नीति में संशोधन हेतु सुझाव।

**5.6.वेतन तथा मासंप्र तंत्र का एकीकरण:** अच्छे मानव संसाधन प्रबंधन हेतु वेतन, मासंप्र तंत्र तथा बायोमेट्रिक तंत्र के एकीकरण हेतु सुझाव।

**5.7 मानव संसाधन सूचना तंत्र:** ऐसा तंत्र का निर्माण करना जो सूचना बैंक के रूप कार्य करे तथा सही प्रकार से मानव संसाधन योजना एवं विकास में सहायक हो एवं मासं संबंधित मामलों में त्वरित निर्णयों हेतु मार्ग प्रशस्त करे।

**6. प्रश्नों का स्पष्टीकरण:**

इस आरपीएफ़ दस्तावेज़ में किसी अन्य स्थान पर वर्णित समय सीमा के अनुसार यदि किसी संभावित बिडर को आरपीएफ़ संबंधी कोई स्पष्टीकरण चाहिए तो वह ई-मेल hrd@ecgc.in पर ईसीजीसी को सूचित कर सकता है।

**7. आवश्यक तत्परता**

बिड्स को आरएफ़पी की अंतर्वस्तु के ध्यानपूर्वक अध्ययन तथा परीक्षण के उपरांत ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। बिड यथावत, सभी प्रकार से पूर्ण तथा आरपीएफ़ में वर्णित आवश्यकताओं के अनुसार उपलब्ध फार्मेट में ही होनी चाहिए। इस आरएफपी द्वारा आवश्यक सभी सूचनाएं प्रस्तुत करने में विफलता या हर आरएफ़पी के अनुरूप बिड को प्रस्तुत न किया जाने के परिणामस्वरूप बोली को अस्वीकार कर दिया जाना आवेदक का जोखिम होगा और जिसके लिए ईसीजीसी किसी भी परिस्थिति में जिम्मेदार नहीं होगा।

**8. आरएफ़पी का संशोधन**

बोली / प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि से पहले, ईसीजीसी, किसी भी कारण से, अपनी स्वयं की पहल पर या भावी बोलीकर्ताओं द्वारा अनुरोधित स्पष्टीकरण के जवाब में, इस आरएफपी दस्तावेज़ को संशोधित कर सकता है। ईसीजीसी द्वारा जारी कोई स्पष्टीकरण परिशिष्ट / शुद्धि के रूप में होगा और ईसीजीसी

http://www.ecgc.in की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। इस तरह के संशोधन उन पर बाध्यकारी होंगे और इस आरएफपी का एक अभिन्न अंग होंगे।

**9. एसाइनमेंट की समयावधि**

यह असाइनमेंट संविदा करार के 3 -4 महीने की अवधि की भीतर पूर्ण कर लिया जाना चाहिए।

यदि कोई सलाहकार निर्धारित समयसीमा अथवा विस्तारित सीमा के भीतर आरएफ़पी में वर्णित उपरोक्त कार्य को असमर्थ रहता है तो इसे समझौते का उल्लंघन माना जाएगा । विलंब की स्थिति में समझौते को रद्द करने के सभी अधिकार ईसीजीसी के पास सुरक्षित है।

**10.पात्रता मानदंड**

| क्रम सं | पात्रता मानदंड | प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़ |
|---|---|---|
| 1 | बिडर भारतीय क़ानूनों के अंतर्गत स्थापित इकाई होनी चाहिए | कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा जारी संस्थापन प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रति/ साझेदारी समझौता |
| 2 | आरएफ़पी की तिथि तक, बीमा/ वित्तीय संस्थानो की मानव संसाधन रणनीति तथा प्रक्रिया को बनाने का कम से कम 3 वर्षों का अनुभव | ग्राहको द्वारा जारी प्रमाणपत्र अथवा एलॉटमेंट पत्र |
| 3 | बिडर को कम से कम 500 कर्मचारियों की श्रमशक्ति वाले किसी बीमा/वित्तीय संस्थान के रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रोजेक्ट के प्रबंधन तथा कार्यान्वयन का अनुभव हो | ग्राहक से प्राप्त प्रमाणपत्र /एलाटमेंट पत्र |
| 4 | किसी भी नियामक / वैधानिक / न्यायिक संस्थान द्वारा फर्म को प्रतिबंधित/ ब्लैकलिस्ट/ अयोग्य घोषित न किया गया हो। | इस हेतु बिडर द्वारा स्व-घोषणा / वचनपत्र प्रस्तुत किया जाएगा |
| 5 | बिडर को किसी सरकारी वित्तीय सस्थान/बैंक/ सरकारी/ भारत के अर्ध- | बिडर द्वारा उसके पत्र शीर्ष पर स्व-घोषणा प्रस्तुत की जाएगी |

| | | |
|---|---|---|
| | सरकारी विभागों द्वारा ब्लैकलिस्ट न किया गया हो | |
| 6 | बिडर का औसत पण्यावर्त पिछले 3 वित्तीय वर्षों हेतु कम से कम 10 करोड़ हो तथा 31.03.2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष से कम से कम 2 वित्तीय वर्षों की रिपोर्टेड रूपरेखा | 31.03.2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष से कम सेकम तीन वित्तीय वर्षों के आयकर रिटर्न पावती तथा लेखापरेक्षित वित्तीय विवरण |
| 7 | बिडर की फर्म ईसीजीसी के किसी कर्मचारी अथवा निदेशक द्वारा धारित अथवा संचालित नहीं होनी चाहिए | अपने पत्रशीर्ष पर बिडर द्वारा एक स्व-घोषणा |

**11. बिड प्रस्ताव प्रक्रिया**

ईसीजीसी की वेबसाइट www.ecgc.in पर प्रस्ताव हेतु निवेदन दस्तावेज उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक परामर्शदात्री फर्म को अपने प्रस्तावों को "तकनीकी बोली" और "वाणिज्यिक बोली" प्रस्तावों वाले दो अलग-अलग और मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए जिसपर "एचआरएमएस के कार्यान्वयन हेतु सलाहकार की नियुक्ति के प्रस्ताव हेतु अनुरोध"

**तकनीकी प्रस्ताव**:

इस दस्तावेज़ में वैचारिक प्रारूप की स्पष्ट रूप रेखा तथा कार्यान्वयन स्तर एवं प्रत्येक स्तर पर प्राप्तियों का विवरण शामिल होना चाहिये। साथ ही इसमें किसी बीमा/बैंक/ वित्तीय संस्था हेतु किए गए समान कार्य का विवरण होना चाहिए। तकनीकी बिड में टीम का विवरण, इसका गठन तथा विभिन्न स्तरों हेतु प्रस्तावित मुख्य कार्यकारियों का भी विवरण होना चाहिए।

**वाणिज्यिक प्रस्ताव:**

इसमें, प्रोजेक्ट की अवधि के दौरान असाइनमेंट हेतु लगे कुल शुल्क/ मूल्य को शामिल करता हुआ वित्तीय कोट होना चाहिए। वित्तीय कोट भारतीय रु. में होना चाहिए एवं इसमें सभी व्यय तथा लागू कर शामिल होना चाहिए।

**तकनीकी बिड** तथा **वाणिज्यिक बिड** के लिफाफों को एक अन्य लिफाफे में सील बंद कर उसपर “एचआरएमएस के कार्यान्वयन हेतु सलाहकार की नियुक्ति  के लिए तकनीकी तथा वाणिज्यिक बिड” अंकित किया जाना चाहिए।

**8. आरएफ़पी की खरीद तथा अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट**:

ई सी जी सी ECGC

**आरएफ़पी की खरीद:**

इच्छुक पात्र बिडर ईसीजीसी की वेबसाइट [www.ecgc.in](http://www.ecgc.in) से आरएफ़पी दस्तावेज़ डाउन्लोड कर सकते हैं तथा किसी भी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से ईसीजीसी लिमिटेड के पक्ष में 5,000/- रु के मांग ड्राफ्ट जो की मुंबई में देय हो, को तकनीकी बिड के साथ(एक भिन्न लिफाफे में) भेजा जाना चाहिए । यह गैर वापसी योग्य शुल्क है तथा उपयुक्त मांग ड्राफ्ट के बिना भेजी गयी बिड पर विचार नहीं किया जाएगा।

**9. अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट:**

बिडर द्वारा बिड के एक भाग के रूप में, एक अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट , किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी मांग ड्राफ्ट के रूप में तैयार कराना चाहिए । यह 50,000/-(भारतीय रुपए में मात्र पचास हज़ार) रु की राशि का माग ड्राफ्ट "ईसीजीसी लिमिटेड" के पक्ष में होगा तथा मुंबई में देय होगा। ईएमडी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

ईएमडी को आरएफ़पी दस्तावेज़ के मूल्य के ड्राफ्ट के साथ एक अलग लिफाफे में रखा जाना चाहिए जिस सपर "ईएमडी तथा आरएफ़पी का मूल्य" अंकित हो तथा इसे तकनीकी बिड में रखा जाना चाहिए। इसे प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में बिड को बिना किसी पत्रचार के खारिज कर दिया जाएगा।

असफल बिडरों की ईएमडी को, ईसीजीसी द्वारा सफल बिडर के साथ संविदा करने के 15 दिनों के बाद मुक्त/वापस लौटा दिया जाएगा।

यदि कोई बिडर अपनी बिड, बिड की वैधता अवधि के भीतर वापस लेता है तो उसके द्वारा प्रस्तुत ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा।

सफल बिडर के मामले में ईएमडी को जब्त कर लिया जाएगा यदि बिडर-

- असाइनमेंट स्वीकार करने में असफल होता है, अथवा
- निष्पादन गारंटी तैयार करने में असफल होता है, अथवा
- निर्धारित समयसीमा के भीतर संबन्धित सेवाए उपलब्ध करने में असफल होता है अथवा
- आरएफ़पी की किसी शर्त को पूरा करने में असफल होता है।

**10. मूल्यांकन मानदंड :**

प्रत्येक बिडर का मूल्यांकन 100 अंको के स्केल पर निम्नलिखित मानदंडों के अंतर्गत किया जाएगा। 70 अंक तकनीकी बोली एवं 30 अंक प्रस्तुतीकरण के लिए निश्चित किए गए हैं।

| | **मूल्यांकन पैरामीटर** | **अधिकतम अंक** | **अंकन पद्धति** |
|---|---|---|---|
| 1 | बिडर द्वारा भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के किसी भी बीमा / वित्तीय संस्थान के लिए सम्पूर्ण मानव संसाधन प्रबंधन रणनीति को सफलतापूर्वक तैयार और कार्यान्वित किया गया हो | 30 | 30 अंक- यदि, भारत में कम से कम तीन बीमा/वित्तीय संस्थानों के लिए मानदंड का मिलान होता हो<br>20 अंक- यदि, भारत में दो बीमा/वित्तीय संस्थानों के लिए मानदंड का मिलान होता हो<br>10 अंक- यदि, भारत में एक बीमा/वित्तीय संस्थानों के लिए मानदंड का |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | मिलान होता हो |
| 2 | बोली लगाने वाले को भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बीमा / वित्तीय संस्थान में सफलतापूर्वक अथवा वर्तमान में मानव संसाधन परियोजना के कार्यों यथा- मूल्यांकन कार्यप्रणाली, पुरस्कार और मान्यता, मानव संसाधन नीतियां, भर्ती नीतियां, मानव संसाधन मैनुअल का डिजाइन, शिक्षण और विकास कार्यक्रम का अनुभव हो | 20 |  20 अंक- यदि, 3 विभिन्न संस्थानों में जिनमें से एक बीमा/वित्तीय संस्थान हो में उक्त मानदंड 5 अलग अलग परियोजनाओं के लिए मिलान करता है<br> 10 अंक- यदि, 2 विभिन्न संस्थानों में जिनमें से एक बीमा/वित्तीय संस्थान हो में उक्त मानदंड 2 अलग अलग परियोजनाओं के लिए मिलान करता है |
| 3 | परियोजना प्रमुख को भारत में किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बीमा / वित्तीय संस्थान की मानव संसाधन रणनीति तैयार करने में /सफलतापूर्वक तैयार में शामिल हो और कम से कम 15 वर्षों का परामर्श का अनुभव हो | 15 | 15 अंक- यदि, मानदंड मिलान करता है। बिडर को ग्राहक के नाम के साथ स्वघोषणा प्रस्तुत करनी होगी<br>10 अंक- यदि, अनुभव 10 वर्ष से अधिक परंतु 15 वर्ष से कम हो।<br>05 अंक- यदि, अनुभव 5 वर्ष से अधिक परंतु 10 वर्ष से कम हो। |
| 4 | बोली लगाने वाले के पास रोल पर एक टीम हो, जो भारत में कम से कम एक सार्वजनिक क्षेत्र बीमा / वित्तीय संस्थान के लिए एच आर रणनीति के एंड टू एंड कार्यान्वयन करने में शामिल है। | 15 | 15 अंक- यदि मानदंड पाँच या अधिक टीम सदस्यों के लिए लागू होता है।<br>10 अंक- यदि मानदंड पाँच से कम एवं दो से अधिक टीम सदस्यों के लिए लागू होता है।<br>05 अंक- यदि मानदंड कम से कम दो टीम सदस्यों के लिए लागू होता है।<br>बिडर को, कर्मचारी के सी वी एवं ग्राहक के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | नाम, जिसे सफलतापूर्वक हैंडल किया गया हो, सहित स्वघोषणा प्रस्तुत करनी होगी। |
| | **कुल भाग I** | **80** | |
| | **भाग II** | | |
| 5 | तकनीकी प्रस्ताव के जरिए एवं प्रस्तुति और इंटरैक्शन के पूरक माध्यम सेईसीजीसी एचआर आवश्यकताओं की गहन समझ का प्रदर्शन | 20 | इस प्रयोजन के लिए नियुक्त परियोजना संचालन समिति के नामित सदस्यों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। |
| | **कुल भाग I + भाग II** | **100** | |

मूल्यांकन तीन चरण की प्रक्रिया होगी.

क) तकनीकी बोली में कम से कम 70% अंक (80 में से) अंक प्राप्त करने वाले बोलीकर्ता अर्हता प्राप्त करेंगे; हालांकि परियोजना संचालन समिति के समक्ष प्रस्तुति के लिए केवल शीर्ष तीन बोलीदाताओं (मेरिट के क्रम में) को बुलाया जाएगा।

ख)परियोजना संचालन समिति के नामित सदस्यों द्वारा प्रस्तुति के लिए अंकों दिए जाएंगे । प्रस्तुति के लिए अधिकतम 30 अंक होंगे। इसके बाद, वाणिज्यिक बोलियां खोली जाएंगी।

ग) बोलीकर्ताओं का एक संयुक्त मूल्यांकन तकनीकी बोली और प्रस्तुति के लिए प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। प्रस्तुति के लिए बुलाए गए शीर्ष तीन बोलीदाताओं की कम से कम उद्धृत व्यावसायिक बोली राशि पर शीर्ष स्कोरर को संविदा दी जाएगी। यदि चयनित बोलीकर्ता संविदा स्वीकार करने में विफल रहता है तो अगले उच्चतम स्कोरकर्ता पर संविदा के लिए विचार किया

जाएगा ।

**11. गोपनीयता समझौता /निष्पादन गारंटी**

चयनित बोली लगाने वाले को बोली की राशि / संविदा मूल्य के 100% की सीमा तक निष्पादन गारंटी प्रदान करनी होगी और संविदा की स्वीकृति के समय निर्दिष्ट प्रारूप पर गोपनीयता अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा।

**12. भुगतान शर्तें**

- संविदा दिए जाने पर कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा ।
- ईसीजीसी के लिए कार्य के संतोषजाक सफल समापन पर परियोजना अवधि के अंत में भुगतान किया जाएगा
- सभी भुगतान टीडीएस, भुगतान के समय कर नियमों के अनुसार, यदि कोई हो, के अधीन होंगे।
- यह नोट किया जाए कि ईसीजीसी,"एग्रीड प्रोफेशनल फीस" के अलावा किसी भी राशि / व्यय / शुल्कों / फीस / यात्रा व्यय / बोर्डिंग व्यय / लॉजिग व्यय / वाहन खर्च / अन्य जेब खर्चों का भुगतान नहीं करेगा।

**13. विविध अनुबंध एवं शर्तें**

i) ईसीजीसी डाक से देरी या छुट्टियों सहित किसी भी कारण से निर्धारित तारीख के भीतर बोलियों की प्राप्ति न होने के लिए ज़िम्मेदार नहीं है ।

ii) ईसीजीसी प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पहले किसी भी समय आरएफपी को बदलने / संशोधित करने का अधिकार, ईसीजीसी की वेबसाइट पर प्रदर्शित होने वाली अधिसूचना के तहत, सुरक्षित रखता है। बोलीकर्ताओं को आरएफपी के लिए जमा करने की अंतिम तिथि तक वेबसाइट पर नियमित रूप से विजिट करना चाहिए।

iii) आरएफपी की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं होने वाली बोली को ईसीजीसी द्वारा मान्य नहीं किया जा सकता है। हालांकि, ईसीजीसी आरएफपी की किसी भी आवश्यकताओं को किसी भी समय छोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

iv) ईसीजीसी के पास संविदा प्रदान करने के पूर्व, प्रभावित बोलीकर्ता (ओं) के लिए किसी भी देनदारी के

बिना किसी भी समय आरएफपी प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। रद्द करने का कारण, जैसा कि ईसीजीसी द्वारा निर्धारित किया गया है, अपने विवेकाधिकार में, निम्नलिखित में शामिल हो सकते हैं लेकिन सीमित नहीं हैं:

- संबन्धित सेवाओं की कोई आवश्यकता नहीं रह गई हो
- अनेपक्षित तत्वों एवं/अथवा नए विकास के कारण कार्य का परिक्षेत्र पर्याप्त रूप से परिभाषित न हो अथवा स्पष्ट न हो
- कार्य/परियोजना के लिए प्रस्तावित शुल्क स्वीकार्ययोग्य न हो
- अन्य कोई कारण

v) बिडर को अपने प्रस्तावों की तैयारी, ईसीजीसी की विजिट, परियोजना सं
चालन समिति इत्यादि के समक्ष उनकी प्रस्तुति के संबंध में सभी लागतों को वहन करना होगा।

vi) चयन प्रक्रिया के आयोजन या परिणाम की परवाह किए बिना ईसीजीसी ऐसी लागतों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

vi) ईसीजीसी बोली सूचना की वैधता को सत्यापित करने और किसी भी बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जहां आरएफपी की प्रक्रिया के दौरान या अनुबंध के बाद भी किसी भी समय आंशिक रूप से या पूरी तरह से गलत सामग्री मिलती है।

vii) आरएफपी के सभी पेजों को बिडर के प्राधिकृत  हस्ताक्षरकर्ता द्वारा मुद्रांकित और हस्ताक्षरित किया जाना जाए। प्राधिकृत  हस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में प्राधिकरण पत्र जिस पर प्रबंध निदेशक / भागीदारों द्वारा हस्ताक्षरित हो, तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

viii) ईसीजीसी अपने विवेकाधिकार  से ईसीजीसी की सूचना / दस्तावेजों आदि की गोपनीयता बनाए रखने के लिए परामर्शदाता के कर्मचारियों से एक वचनपत्र ले सकता है। ईसीजीसी परामर्शदाता के कर्मचारियों के बायोडाटा में उल्लेखित  क्रेडेंशियल्स, कार्य से सबंधित अनुभव की  जांच कर सकता है।

**अनुबंध : क (आवरण पत्र तकनीकी प्रस्ताव)**

(परामर्शदाता के पत्रशीर्ष पर ईसीजीसी को पत्र)

दिनांक:________

प्रति,

महाप्रबंधक
मानव संसाधन विकास
ईसीजीसी लिमिटेड
दलामल हाउस, तल मंजिल
नरीमन पॉइंट
मुंबई - 400021

महोदय/महोदया,

**विषय : एच आर एम एस के कार्यान्वयन हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु आर एफ पी**

**संदर्भ संख्या ईसीजीसी/मासंवि/एच आर एम एस/01/2017 दिनांक : 18 अक्टूबर, 2017**

हम एतदद्वारा, उपरोक्त आर एफ पी में उल्लेखित विवरण के अनुसार ईसीजीसी लिमिटेड में एच आर एम एस के कार्यान्वयन में अपनी सेवाएं प्रदान करने हेतु, मुहरबंद लिफाफे में हमारी तकनीकी बोली/प्रस्ताव संलग्न कर रहे हैं।

हम, आर एफ पी में उल्लेखित सभी निबंधन एवं शर्तों से सहमत हैं। यह प्रस्ताव, बोली की वैधता अवधि के दौरान यथा बोली को प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख से 90 दिन और संविदा वार्ता से होने वाले संशोधनों के तक, हमारे लिए बाध्यकारी होगा।

भवदीय,

(नाम एवं पद, फर्म की मुहर)

संलग्न : मुहरबंद लिफाफे में तकनीकी प्रस्ताव ।

**अनुबंध ख**

**प्रस्ताव फॉर्म**

**(तकनीकी प्रस्ताव लिफाफे में शामिल किया जाए)**

प्रति,

महाप्रबंधक
मानव संसाधन विकास
ईसीजीसी लिमिटेड
दलामल हाउस, तल मंजिल
नरीमन पॉइंट
मुंबई - 400021

महोदय/महोदया,

**विषय : एच आर एम एस के कार्यान्वयन हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु आर एफ पी**

**संदर्भ संख्या ईसीजीसी/मासंवि/एच आर एम एस/01/2017 दिनांक : 18 अक्टूबर, 2017**

हम उपरोक्त आर एफ पी दस्तावेज़ में उल्लेखित आवश्यकताओं के अनुसार ईसीजीसी लिमिटेड में एच आर एम एस के कार्यान्वयन में अपनी सेवाएं प्रदान करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं।

हम, यदि हमारी बोली स्वीकार की जाती है, तो कार्य के परिक्षेत्र, डिलिवरेबल्स और आरएफपी दस्तावेज में निर्दिष्ट समय सीमाओं के अनुसार कार्य करने के लिए, वचनबद्ध है ।

हम यह पुष्टि करते है कि हमारी बोली में हमारे द्वारा प्रस्तुत सूचना सत्य एवं सही है। हम आरएफपी में उल्लिखित नियमों और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत हैं।

हम घोषणा करते हैं कि हमने आरएफपी दस्तावेज में किसी भी परिवर्तन / संशोधन नहीं किए हैं एवं हम पूरी तरह जानते हैं कि किसी भी परिवर्तन की स्थिति में, ईसीजीसी द्वारा तैयार किए गए आरएफपी दस्तावेज़ को प्रामाणिक और बाध्यकारी माना जाएगा और हमारे द्वारा प्रस्तुत बोली / प्रस्ताव को ईसीजीसी द्वारा अस्वीकार कर दिया जाएगा।

हम प्रमाणित करते हैं कि हमारे या किसी भी निदेशकों / प्रबंधकों / कर्मचारियों के खिलाफ अपराध के लिए किसी न्यायालय द्वारा कोई कोई सजा नहीं हुई है या किसी विनियामक प्राधिकरण द्वारा दुर्व्यवहार, दोषी या अभियोग / प्रतिकूल आदेश के लिए न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया गया है और यदि ऐसा होता है तो हम करेंगे ईसीजीसी को तुरंत सूचित करेंगे।

हम वचनबद्ध हैं कि हम धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के विरुद्ध भारत में लागू कानून "भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988" का सख्ती पालन करेंगे।

हम समझते हैं कि ईसीजीसी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए हमारे अनुरोध को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है या हमारी बोली स्वीकार करने या किसी भी बोली को अस्वीकार करने के लिए कोई कारण बताने के लिए बाध्य नहीं है।

हम भी सहमत हैं और पुष्टि करते हैं कि बोली दस्तावेजों की तैयारी, ईसीजीसी में उपस्थिति, परियोजना संचालन समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण या बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवश्यक कोई भी अन्य गतिविधि के संबंध में हमारे द्वारा किए गए किसी भी खर्च का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है।

हम यह भी जानते हैं कि ईसीजीसी को बोली प्रक्रिया की पुन: जारी / पुनः आरंभ करने का भी अधिकार है, जिसके लिए हमें इस संबंध में कोई अधिकार नहीं हैं और इस संबंध में कोई आरक्षण नहीं है; इस संबंध में ईसीजीसी का निर्णय हमारे लिए अंतिम, निर्णायक और बाध्यकारी होगा। हम समझते हैं कि ईसीजीसी न्यूनतम या किसी अन्य प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

दिनांक ....... का दिन ............................ 2017

______________________________

(हस्ताक्षर)

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

**अनुबंध ग**
**तकनीकी बोली**

**एच आर एम एस के कार्यान्वयन हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु आर एफ पी**

**संदर्भ संख्या ईसीजीसी/मासंवि/एच आर एम एस/01/2017 दिनांक : 18 अक्टूबर, 2017**

| **विवरण** | **विवरण के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले ब्यौरे** | **प्रस्तुत किए जाने वाले अनुबंधों का विवरण** |
|---|---|---|
| बोली लगाने वाले का नाम | | |
| पंजीकृत कार्यालय का पता | | |
| टेलीफोन/मोबाइल नंबर | | |
| ईसीजीसी के समक्ष प्रतिबद्धता करने हेतु प्राधिकृत व्यक्ति का नाम एवं पद | | |
| बिडर के संस्थापन की तारीख | | |
| ईमेल पता | | |
| एच आर एम एस के कार्यान्वयन में अनुभव | | |
| बीमा/बैंक/वित्तीय संस्थानों में एच आर एम एस में अनुभव | | कृपया एक अलग शीट संलग्न करें, यदि आवश्यक हो तो। (सहायक दस्तावेज़ के रूप में संबन्धित संस्थाओं के पत्रों सहित प्रत्येक कार्य के लिए उसका परिक्षेत्र दर्शाएँ।) |
| व्यवसायिक कर्मचारियों की संख्या टीम लीडर के नामों सहित जिनका असाइनमेंट निष्पादित करने के लिए संबद्ध होने का प्रस्ताव है। ईसीजीसी के लिए एक बार नियुक्त टीम लीडर, बिना ईसीजीसी की | | इस दस्तावेज़ के सी वी प्रारूप में निर्धारित टीम के सदस्यों का रिज्यूम। |

| | | |
|---|---|---|
| सहमति से अलग नहीं होना चाहिए। | | |
| **कर संबन्धित पंजीकरण** | | |
| पैन संख्या :<br>जी एस टी संख्या :<br>टिन संख्या : | | |

बिडर के भागीदारों/प्रवर्तकों का विवरण

| क्रसं | भागीदार/प्रवर्तक का नाम | पैन संख्या |
|---|---|---|
| | | |

बिडर के पूर्णकालिक व्यवसायिक स्टाफ का विवरण

| क्रसं | व्यवसायिक स्टाफ का नाम | पैन संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

दिनांक ....... का दिन ............................ 2017

______________________________

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर)

**अनुबंध : घ**

**(**परामर्शदाता/फर्म/कंपनी के पत्रशीर्ष पर प्रस्तुत किया जाए**)**

**आर एफ पी एवं ई एम डी के मूल्य हेतु आवरण पत्र**

(तकनीकी बोली के साथ संलग्न किया जाए )

प्रति,
महाप्रबंधक
मानव संसाधन विकास
ईसीजीसी लिमिटेड
दलामल हाउस, तल मंजिल
नरीमन पॉइंट
मुंबई - 400021

महोदय/महोदया,

कृपया आर एफ पी दस्तावेज़ एवं बयाना जमा राशि (ई एम डी) के मूल्य हेतु डिमांड ड्राफ्ट संलग्न प्राप्त करें, जिंका विवरण निम्नानुसार है :

| क्रसं | विवरण | राशि (रु) | डी डी सं | डी डी तारीख | बैंक पर देय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर एफ पी का मूल्य | 5,000/- | | | |
| 2 | ई एम डी | 50,000/- | | | |

भवदीय ,

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर)

संलग्न : आर एफ पी दस्तावेज़ एवं बयाना जमा राशि (ई एम डी) के मूल्य हेतु डिमांड ड्राफ्ट

दिनांक :

स्थान :

**अनुबंध च**

**वाणिज्यिक बोली**
**(वाणिज्यिक प्रस्ताव लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए )**

**दिनांक:..........................**

महोदय/महोदया,

**विषय : एच आर एम एस के कार्यान्वयन हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति हेतु आर एफ पी**

हम प्रस्तावित कार्य के लिए हमारी वाणिज्यिक बोली (शुल्क) निम्नानुसार प्रस्तुत करते हैं :

| | |
|---|---|
| राशि अंकों में (रु) | |
| राशि शब्दों में | |

**निबंधन एवं शर्तें**

1) उपरोक्त शुल्क में सभी व्यय एवं सभी लागू कर शामिल हैं ।

2) हम प्रस्ताव / समझौते में दी गई सभी डिलिवरेबल्स वितरित करने और आरएफपी दस्तावेज में निर्धारित समय सीमा के भीतर असाइनमेंट को पूरा करने के लिए वचनबद्ध हैं।.

3) ईसीजीसी द्वारा भुगतान जारी करते समय कर (टी डी एस), यदि आयकर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लागू है तो, की कटौती की जाएगी।

दिनांक ....... का दिन ........................... 2017

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर)

**अनुबंध छ**

**(वचन पत्र)**
**(बिडर के पत्रशीर्ष पर)**

हम यह वचनबद्ध हैं कि एचआरएमएस लागू करने के कार्य के दौरान ईसीजीसी (उसके अन्य सेवा प्रदाताओं सहित) द्वारा दी गई जानकारी या किसी भी जानकारी को हम एवं हमारे कर्मचारी, परियोजना के पूरा होने के लिए बोलीदाता द्वारा नियोजित किसी व्यक्ति के अतिरिक्त, किसी भी अन्य व्यक्ति के समक्ष प्रकट नहीं करेंगे जब तक कि ईसीजीसी द्वारा लिखित में अनुमति नहीं दी जाए।

किसी भी ऐसे नियोजित व्यक्ति के प्रकटीकरण को केवल परियोजना के रूप में उसके कार्य को पूरा करने के लिए आवश्यक होने पर ही किया जाएगा। हमारे द्वारा नियुक्त कर्मचारी सख्त गोपनीयता बनाए रखेंगे।
हम और हमारे कर्मचारी, ईसीजीसी से पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए किसी दस्तावेज़ या सूचना का उपयोग एच आर एम एस परियोजना को पूरा करने के उद्देश्य से अलग किसी उद्देश्य से नहीं करेंगे।

हम, परामर्शदाता के चयन और नियुक्ति के लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित । उल्लंघन के मामले में, ईसीजीसी द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर एवं मुहर)

दिनांक :

स्थान :

**अनुबंध ज**

**परियोजना के लिए नियुक्त किए जाने वाले कर्मचारियों का विवरण**

(परियोजना में शामिल किए जाने वाले प्रत्येक संभावित कर्मचारी के लिए अलग शीट )

1. कर्मचारी का नाम :

2. ईमेल आई डी :

3. फोन नंबर (कार्यालय ) :

4. मोबाइल नंबर :

5. फर्म में कब से कार्यरत है उसकी दिनांक :

6. व्यावसायिक योग्यता :

7. अनुभव

| क्रसं | की गई एच आर एम एस परामर्श सेवाओं का विवरण | भारत/विदेश में दी गई सेवाओं का संक्षिप्त विवरण एवं संस्थान का नाम जहां कार्य किया गया | अवधि: कब से - तक |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |
| 02 | | | |
| 03 | | | |

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर)

**अनुबंध : झ**

**प्राधिकरण पत्र प्रारूप**

(बिडर के पत्रशीर्ष पर )

प्रति,

महाप्रबंधक
मानव संसाधन विकास
ईसीजीसी लिमिटेड
दलामल हाउस, तल मंजिल
नरीमन पॉइंट
मुंबई - 400021

महोदय/महोदया,

**विषय : प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में प्राधिकरण पत्र**

**संदर्भ संख्या ईसीजीसी/मासंवि/एच आर एम एस/01/2017 दिनांक : 18 अक्टूबर, 2017**

हम एतदद्वारा श्री/श्रीमती/कु. ............................................ को उक्त बोली/प्रस्ताव की प्रक्रिया अथवा परियोजना को पूरा करने संबंधी आवश्यक किसी भी दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने हेतु प्राधिकृत करते हैं।

नमूना हस्ताक्षर नीचे सत्यापित किया गया है:

(नाम एवं पद)
प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के नमूना हस्ताक्षर

(नाम एवं पद )
प्रबंध निदेशक/प्रबंध भागीदार के हस्ताक्षर

दिनांक :

स्थान :